संख्या: 1856 /33-3-2015/

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,उत्तर प्रदेश।
2- समस्त जिलाधिकारी,उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक: 10 जुलाई, 2015

विषय:मण्डलीय उपनिदेशक(पंचायत)कार्यालय को जिला पंचायत के भवन में स्थानान्तरित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 26 जून, 2015 को मा0 मंत्री, पंचायती राज, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में मा0 मंत्री, पंचायती राज, उ0प्र0 शासन के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) के कार्यालय हेतु मण्डल मुख्यालय पर शासकीय भवन उपलब्ध न होने के कारण किराये के भवनों में कार्यालय संचालित किये जा रहे हैं। जिससे शासकीय धन के अनपेक्षित व्यय के साथ-साथ किराये के भवन में कार्यालय होने के कारण शासकीय कार्यों में अपेक्षित गति नहीं आ पा रही है।

उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (प0) कार्यालय, जिला मुख्यालय के जिला पंचायत के भवन में कम से कम 2 से 3 कमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए स्थानान्तरित करने की कार्यवाही यथाशीघ्र करा दी जाये।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव,

संख्या: 1856/1/33-3-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
2. समस्त मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत उ0प्र0।
3. समस्त उपनिदेशक (पं0), उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव.